सारा जीवन कन्हैया तेरे नाम लिख दिया

सारा जीवन कन्हैया तेरे नाम लिख दिया,
अपने दिल पे हमने तो जय श्री श्याम लिख दिया ,

तू प्रेमियों का प्रेमी , हमने ये सुन रखा है ,
इसलिए तो अपना साथी तुझको ही चुन रखा है,
हो तेरे नाम पे सांवरिया ये पैगाम लिख दिया ,
अपने दिल पे हमने तो जय श्री श्याम लिख दिया ,

सच कहता हूँ सांवरिया ये प्रेम नहीं है झूठा ,
सारे जग में दीवाना तुझको ना मिलेगा ऐसा ,
हो तेरे चरणों में हमने तो ये जान रख दिया ,
अपने दिल पे हमने तो जय श्री श्याम लिख दिया ,

तेरे सिवा कन्हैया कोई और नहीं अब भाता ,
सौरभ मधुकर ने जोड़ा तुझसे जन्मों का नाता ,
हो अपने भगतों का कन्हैया तूने मान रख लिया,
अपने दिल पे हमने तो जय श्री श्याम लिख दिया,

हो सारा जीवन कन्हैया तेरे नाम लिख दिया ,
अपने दिल पे हमने तो जय श्री श्याम लिख दिया ,

भजन गायक - सौरभ मधुकर
भजन रचयीता - सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19731/title/sara-jeewan-kanhiya-tere-naam-likh-diyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |